**□ जनपद- हाथरस। □**

**♦□ प्रेस नोट ♦□**

**□ दिनांक- 09.09.2025□**

**!!□ थाना सादाबाद पुलिस, थाना साइबर क्राइम व एन्टीथैफ्ट टीम की संयुक्त कार्यवाही में चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए 01 शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से कंटेनर में गुप्त रूप छिपा रखी 39 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैक हरियाणा मार्का (708 छोटी-बडी बोतल) अनुमानित कीमत करीब ₹ 3,10,000/- रूपये व तस्करी में प्रयुक्त 01 कंटेनर, एक मोबाइल फोन बरामद व नगदी आदि बरामद। !!□**

आज दिनांक 09.09.2025 को पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस, थाना साइबर क्राइम व एन्टीथैफ्ट टीम की संयुक्त कार्यवाही में चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एक शराब तस्कार को सादाबाद बलदेव मथुरा बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 39 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैक हरियाणा मार्का (708 छोटी-बडी बोतल) अनुमानित कीमत करीब ₹ 3,10,000/- रूपये व तस्करी में प्रयुक्त एक कंटेनर नं0 HR55AN9425, एक मोबाइल फोन टैक्नो स्पार्क कम्पनी, एक जीपीएस व 340 रू0 नगद बरामद हुए है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

➡□ पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्त सनी ने जुर्म का इकबाल करते हुए पूछताछ करने पर बताया गया कि वह पिछले तीन चार वर्ष से ड्राइवरी का कार्य अलग अलग गाडियों पर कर रहा है। बरामद कंटेनर सं0 HR55AN9425 पर मैं पिछले दो महीने से ही ड्राइवरी कर रहा हूँ। हम खाना खाने के बहाने इधर उधर गाडी को रोक लेते है तथा हरियाणा के पलवल क्षेत्र से कभी कभी गाडी में शराब छुपाकर ले जाते है और बिहार में शराब बन्दी होने के कारण अच्छा मुनाफा लेकर बेच देते है। कल दिनांक 08.09.25 की शाम को मैने गाडी को भिवाडी जिले से लोड कराया था, लोड कराने के बाद मैं गाडी को पलवल ले गया, जहाँ मैने इस कन्टेनर में छत के नीचे गुप्त रूप से एक जगह तैयार करायी, जिसमें शराब की पेटियाँ छुपाये हुये था। मैं इन्है बिहार ही ले जा रहा था वहां शराब सप्लाई करके अपनी ड्राइवरी की तनख्वाह के अलावा भी कुछ रूपये मुनाफे के तौर पर मिल जाते है।

गिरफ्तार अभियक्त का नाम व पता-
सनी पुत्र फूल सहाय निवासी ग्राम कुनैरा थाना फ्रैंड्स कालौनी जनपद इटावा।

बरामदगी का विवरण-
1. 39 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (708 छोटी-बडी बोतल रायल स्टैग हरियाणा मार्का )
2. एक कन्टेनर EICHER PRO नंबर HR55AN9425
3. एक मोबाईल टैक्नो स्पार्क
4. एक जीपीएस
5. 340 रुपये नगद

पंजीकृत अभियोग-
1. मु0अ0सं0 415/25 धारा 60/63/72 आबकारी अधि0 थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री आशीष कुमार मय टीम थाना साइबर क्राइम जनपद हाथरस।
2. प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश कुमार मय टीम एन्टी थैफ्ट टीम जनपद हाथरस।
3. थानाध्यक्ष श्री योगेश कुमार मय टीम थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

MEDIA CELL HATHRAS